DoIT

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक प.3(117)सूप्रौ / लेखा / 08 / I/9620/2013 जयपुर दिनांक 23.07.13

जिला कलक्टर (समस्त)

.... ।

विषय :– तहसील / ब्लॉक मुख्यालयों पर पदस्थापित कम्प्युटर सेवा के कार्मिको के वेतन भत्तो का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार निवेदन है कि विभागीय आदेश क्रमांक प–2(996) सू.प्रौ. / संस्था / 12 / 3901 दिनांक 17.07.12 के द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालयो के अधीन गठित ई–गवर्नैन्स सैल के अन्तर्गत सम्बन्धित लेखा मद 3454-02-203-(01)[02] या 3454-02-789-(01)[03] या 3454-02-796(02)[03] (आयोजना) में ब्लॉक स्तर पर प्रोग्रामर एवं तहसील स्तर पर सूचना सहायक के पद सृजित किये गये है। उपरोक्त बजट मदो से आहरण वितरण के अधिकार जिला कलक्टर्स को दिये गये है। वित्तीय वर्ष 2013–14 में आपको उपरोक्त सम्बन्धित बजट शीर्षो के अन्तर्गत बजट भी आवंटित किया जा चुका है।

अतः तहसील / ब्लॉक मुख्यालयों पर पदस्थापित कम्प्युटर सेवा के कार्मिको के वेतन भत्तो के भुगतान के सम्बन्ध में स्पष्ट किया जाता है कि इनके वेतन भतो का भुगतान जिला मुख्यालय पर कार्यरत अन्य कम्प्युटर कार्मिको के भांति जिला कलेक्टर्स द्वारा सम्बन्धित बजट शीर्षो में आवंटित राशि से नियमितरुप से किया जावे ।

Sd–
(राजकुमार मीणा)
वित्तीय सलाहकार

प्रतिलिपि :–

1. सुश्री सोनिया चतुर्वेदी एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) प्रभारी जिला समन्वय
2. श्रीमती ज्याति लुहाडिया एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) को वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत

वित्तीय सलाहकार

f3(117)